बंशीधर नगर, शुक्रवार

अधिक ज्येष्ठ शुक्लपक्ष पूर्णिमा, संवत 2084

30.06.2026

वर्ष 04, अंक 276

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार www.Banshidharnews.com



त्वरित निष्पादन का निर्देश » पेज 3 सेविका-सहायिका को कार्यमुक्त करने का आदेश्श » पेज 5


## न्यूज अपडेट

### 10 लाख के इनामी पीएलएफआई के राज्य प्रमुख अमृत होरो गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के राज्य प्रमुख (स्टेट चीफ) और 10 लाख के इनामी उग्रवादी अमृत होरो उर्फ मेचो उर्फ सूर्या को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक स्वचालित पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और पीएलएफआई के पर्चा बरामद किया गया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी )राकेश रंजन ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अमृत होरो अपने साथियों के साथ लापुंग थाना क्षेत्र के महुगांव जंगल के आसपास मौजूद है और किसी बड़ी नक्सली घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना के बाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी के निर्देशन और बेड़ो के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने महुगांव के जंगल इलाके में घेराबंदी कर अमृत होरो को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने खुद को पीएलएफआई का स्टेट चीफ बताया।

# नदी व अन्य जलस्रोत क्षेत्रों से हटवायें अतिक्रमण : मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि शहरों से गुजरने वाली सभी नदियों, तालाबों, डैमों, नालियों या अन्य जलस्त्रोतों पर बनी अवैध संरचनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों को तत्काल बंद कराएं । साथ ही पूर्व से बनीं अवैध संरचनाओं से अतिक्रमण मुक्त कराएं। अतिक्रमण कर जो घर बनाएं गए हैं, उनका तत्काल गहन सर्वे कराएं। उन्होंने सभी शहरी निकायों में स्थित नदी या अन्य जलस्त्रोतों में हुए अवैध निर्माण को चिन्हित करते हुए लिखित नोटिस करने, अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने एवं अतिक्रमण कर निर्मित अवैध संरचनाओं को ध्वस्त करने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर कराने का निर्देश दिया।

सोरेन शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी किनारे और अन्य जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण कर घर बनाना पर्यावरण और जल निकासी के लिए गंभीर खतरा है। इस तरह के कार्य क्षमा योग्य नहीं है, ऐसे कार्य करने वाले लोगों पर कड़ी कानूनी-कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग की योजनाओं का लाभ आमलोगों को समय पर मिले। नगर विकास विभाग का उद्देश्य सड़क निर्माण, आधारभूत संरचनाओं एवं भवनों का निर्माण के साथ-साथ आम जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। ऐसे में विकासात्मक योजनाओं के ससमय कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी परियोजना, नगर निगम अंतर्गत आधारभूत संरचना, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल आपूर्ति, यातायात प्रबंधन और कूड़ा निस्तारण आदि नगरीय व्यवस्था को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रांची स्मार्ट सिटी परियोजना को गति देने के लिए भूमि अधिग्रहण कार्यों को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी विकास की सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ राजस्व संग्रहण के संसाधनों पर विशेष कार्य करें। मुख्यमंत्री ने शहरी नागरिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग सुदिव्य कुमार भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने राज्य के राजधानी रांची में स्थित कांके डैम के संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाते हुए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने डैम एरिया में सीधे गिरने वाले नालों को तत्काल बंद कराने, डैम के कैचमेंट एरिया की जल्द मापी कराकर, उसकी घेराबंदी कराने का निर्देश दिया, ताकि डैम का पानी स्वच्छ, सुरक्षित और संरक्षित बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आसपास के लोगों को भी जागरूक करते हुए, यह सुनिश्चित कराया जाए कि वे घरों से निकलने वाले गंदे पानी को डैम में नहीं जाने दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शहरों में बसे शत-प्रतिशत घरों में पाइपलाईन के माध्यम से शुद्ध पानी उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि नगर विकास विभाग की किसी भी परियोजना में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। सभी योजनाओं की समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक सशक्त करें। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, नगर निकाय क्षेत्रों में साफ-सफाई/स्वच्छता, पेय जलापूर्ति और आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने नगर निकाय क्षेत्रों में बरसात पूर्व जल जमाव की समस्या का स्थाई समाधान और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरूस्त रखने का निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची सहित राज्य में जहां भी रिंग रोड है, उसके आसपास सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा प्रणाली विकसित करें। साथ ही सोलर स्ट्रीट लाइट से रोशन करें। साथ ही कहा कि अगले 15 दिनों में सोलर पैनल और स्ट्रीट लाईट लगाए जाने संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कर कार्य को मूर्त रूप दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिंग रोड एरिया में वाटर पाइप लाइन, सीवर लाइन की भी संरचना विकसित की जाए। राज्य के भीतर जिन-जिन शहरों में वाटर सप्लाई प्लान के अंतर्गत योजनाएं चल रही हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कर ली जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान समय में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कचरे के पहाड़ों का निस्तारण शहरों की एक प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। मुख्यमंत्री और अधिकारियों के बीच रांची के झिरी स्थित कचरे के पहाड़ों का निस्तारण के लिए विचार-विमर्श हुआ और आधुनिक तकनीक एवं उपायों के माध्यम से इसका समाधान निकालने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों से भी गीले और सूखे कचरे की अलग-अलग पृथ्कीकरण करने की व्यवस्था करने की अपील की है, जिससे एक तरफ बायोडिग्रेबल कूड़ा से ऊर्जा पैदा किया जा सके, उर्वरक के रूप में इस्तेमाल किया जा सके और नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे का पुनर्चक्रण कर पुनः उपयोग में लाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के मौसम से पहले सड़क किनारे लगे पेड़ों की ट्रिमिंग कराकर सुंदर आकार दें। पेड़ों को ट्रिमिंग होने से विद्युत तार और सड़कों पर गिरने के खतरों से बचा जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से राज्य के राजमहल, साहिबगंज और धनबाद जिलों से जुड़कर वहां स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर बातचीत की और उसकी संरचनाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग सुनील कुमार, आयुक्त रांची नगर निगम सुशांत गौरव, निदेशक सूडा सूरज कुमार, निदेशक डीएमए नैंसी सहाय, पीडीटी जुडको बीके राय, जीएम स्मार्ट सिटी परियोजना राकेश कुमार नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रांची में बारिश से मौसम हुआ सुहावना

# तापमान में 06 से 07 डिग्री की गिरावट



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद बड़ी राहत मिली। बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में छह से सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहाना हो गया।

मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक राज्य में इसी प्रकार बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में शनिवार को भी मौसम खराब रह सकता है। बोकारो, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, रांची और रामगढ़ समेत कई जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। खासकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास नहीं जाने की सलाह दी गई है। विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने को कहा है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 18.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो कोडरमा डीवीसी क्षेत्र में सबसे अधिक 40.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा सतगांव में 39 मिलीमीटर, कोनार डीवीसी में 31 मिलीमीटर, दारू में 14.2 मिलीमीटर, रामगढ़ जिले के गोला में 11 मिलीमीटर, बरही में 10.2 मिलीमीटर तथा पांकी में सात मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

### बारिश से पटरी पर बढी फिसलन दुरंतो और मालगाड़ी का इंजन फेल

**कोडरमा।** शुक्रवार की सुबह मूसलाधार बारिश से नई दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कॉर्ड रेल सेक्शन पर रेल परिचालन पुरी तरह प्रभावित हुआ। गया- कोडरमा रेलखंड के घाटी सेक्शन में शुक्रवार सुबह तेज आंधी और बारिश के बाद रेल पटरी पर फिसलन बढ़ जाने से डाउन लाइन पर रेल परिचालन करीब डेढ़ घंटे तक प्रभावित रहा। इस दौरान बसकटवा हॉल्ट के पास चढ़ाई के समय दुरंतो एक्सप्रेस फंस गई, जिसे बाद में बैंकर इंजन की मदद से आगे बढ़ाया गया। इसके पीछे चल रही एक मालगाड़ी भी घाटी सेक्शन में अटक गई। बताया गया कि दुरंतो एक्सप्रेस सुबह करीब 8.30 बजे गया से कोडरमा की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज आंधी के साथ भारी बारिश हुई। लगभग आधे घंटे तक हुई बारिश से घाटी सेक्शन की पटरियों पर फिसलन बढ़ गई। बसकटवा हाल्ट के पास चढ़ाई चढ़ते समय दुरंतो ट्रेन के पहिए फिसलने लगे और ट्रेन आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद चालक और गार्ड ने कंट्रोल रूम और संबंधित स्टेशन को सूचना दी।

न्यूज अपडेट

## बकरी बांधने गई महिला पर वज्रपात, मौत

कांडी : थाना क्षेत्र के गाड़ाखुर्द गांव के बनकट टोला में शुक्रवार सुबह वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतका की पहचान सोनमती देवी (45 वर्ष) पति भृगु साव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब सवा पांच बजे सोनमती देवी घर के पास बंधी बकरी को खोलकर अंदर बांधने के लिये गई थीं। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आ गईं जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह मृतका के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने हर संभव सहायता का भरोसा देते हुये कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत आपदा राहत मुआवजा दिलाया जायेगा तथा परिवार को मिलने वाले सभी सरकारी लाभ उपलब्ध कराये जाएंगे। वहीं मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति कर्नाटक में मजदूरी करता है। जबकि उनके दो पुत्र राजस्थान में काम करने गये हुये हैं। घर पर केवल एक छोटा पुत्र मौजूद है। बताया जा रहा है कि दोनों पुत्र शनिवार तक घर पहुंच सकते हैं, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जायेगा। पति के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाने की संभावना जताई जा रही है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**श्री बंशीधर नगर :** एनएच-39 फोरलेन बाईपास सड़क पर गुरुवार की रात हुये दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार श्री बंशीधर नगर नगर थाना क्षेत्र के हेन्हो गांव निवासी धर्मेंद्र प्रसाद (50), विजय साह (40) एवं श्री बंशीधर नगर निवासी संजय राय (45) कोल्हुआ से शाम में वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-39 फोरलेन सड़क पार करने के क्रम में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां





प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। उधर इलाज के दौरान 45 वर्षीय संजय राय जिंदगी की जंग हार गये। बताया जाता है कि संजय राय शादी-विवाह में खाना बनाने का काम करते थे और वे अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही घर में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया तथा मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शुक्रवार की दोपहर संजय राय का अंतिम संस्कार किया गया। उधर घटना की सूचना मिलने पर विधायक अनंत प्रताप देव ने मृतक के घर पहुंच कर दुख जताया तथा परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उस मौके पर जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, मनोज डॉन, बाबूलाल दुबे, जिपस प्रतिनिधि प्रमोद राम समेत कई लोग मौजूद थे।

# आनेवाले दिनों में रांची में एक लाख घरों तक पीएनजी गैस आपूर्ति करने का लक्ष्य : गेल

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पेट्रोलियम और एक्सप्लोसिव उप समिति की बैठक शुक्रवार को चेंबर भवन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से गेल इंडिया, रांची के डीजीएम (सीजीडी) प्रशांत कुमार सिंह और कॉमर्शियल हेड मैनेजर देव प्रकाश के साथ गेल इंडिया लिमिटेड, रांची की पूरी टीम उपस्थित थी। बैठक में चेंबर के पदाधिकारियों ने रांची एवं आसपास के क्षेत्रों में पीएनजी गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। इस दौरान गेल के अधिकारियों ने जानकारी दी कि स्टेशन रोड, बरियातू रोड, पीपी कंपाउंड और सिरमटोली चौक क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा चुका है। चेंबर की ओर से आग्रह किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर




होटल व्यवसायियों और बहुमंजिला इमारतों को जल्द पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाय। इस पर गेल अधिकारियों ने बताया कार्य को गति देने के लिए अतिरिक्त वेंडरों की नियुक्ति की जा रही है और आगामी पांच-छह महीनों में लगभग एक लाख घरों तक पीएनजी गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर बताया गया कि पीएनजी गैस, कॉमर्शियल उपयोग के लिए एलपीजी की तुलना में लगभग 30-40 प्रतिशत और घरेलू उपयोग में 8-10 प्रतिशत तक सस्ती पड़ेगी। होटल एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है। वे जल्द आवेदन करें ताकि उन्हें जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके। होटल और उद्योगों के लिए कॉमर्शियल पीएनजी कनेक्शन के लिए गेल का संपर्क नंबर 9031622781 जारी किया गया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, सह सचिव नवजोत अलंग, सह सचिव रोहित पोद्दार, उप समिति चेयरमैन जसविंदर सिंह के अलावा सदस्य दलजीत सिंह, संदीप मिश्रा, रवि रंजन कुमार, संदीप दास, उत्तम कुमार मिश्रा, त्रिलोचन सिंह, अरविंदर सिंह खुराना, प्रमोद चौधरी उपस्थित थे।

एक नजर

## पुश्तैनी जमीन हड़पने के लिये रची गई बड़ी साजिश, पूर्व अफसर पर जाली कागजात बनवाने का आरोप


**गढ़वा** : मेराल अंचल क्षेत्र के खोरीडीह गांव में पुश्तैनी जमीन को लेकर धोखाधड़ी और फर्जी कागजात के सहारे दाखिल-खारिज कराने का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बैजनाथ राम ठाकुर ने अपने ही सगे भतीजों पर उनकी पैतृक संपत्ति को हड़पने के लिये जाली दस्तावेज तैयार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने मेराल के अंचल अधिकारी को एक आवेदन सौंपकर नामंतरण मुकदमा संख्या 89/2026-2027 एवं 90/2026-2027 पर तत्काल रोक लगाने और इसे रद्द करने की मांग की है। दिये गये आवेदन में खोरीडीह निवासी स्व रामजीत ठाकुर के पुत्र बैजनाथ राम ठाकुर ने बताया कि एआर केस नं-1799 1356-57 एम रोल के तहत आने वाली 9.71 डेसिमल जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है, जो उन्हें अपने बाबा स्व जतन हजाम से प्राप्त हुई थी। इस जमीन पर उनका आधा हिस्सा बनता है। आरोप है कि उनके हिस्सेदार व भाई स्व लोचन राम के पुत्र देवनारायण राम ने उनकी बिना जानकारी और सहमति के, अपने दोनों बेटों कृष्ण कुमार ठाकुर और शिव कुमार ठाकुर के नाम पूरी 9.71 डेसिमल जमीन का अवैध तरीके से सौदा कर दिया। पीड़ित ने साक्ष्य के रूप में अपने भाई देवनारायण ठाकुर के हस्तलिखित नोट का हवाला दिया है। इस नोट में देवनारायण ने स्पष्ट स्वीकार किया था कि एम रोल की जमीन में हमारे भाई बैजनाथ राम का आधा हिस्सा है और जमीन पर आधा उनका ही जोत-दखल है। हम दोनों मिलकर रसीद लगान (20.45 पैसा) साल-दर-साल चुकाते हैं। इसलिये खाता में हम दोनों भाईयों के नाम एक-एक अंश खोला जाय। इसके बावजूद देवनारायण राम की मृत्यु (वर्ष 2013) के 13 वर्ष बीत जाने के बाद, अब उनके बेटों द्वारा अचानक पूरी जमीन का नामंतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है, जो कई गंभीर सवाल खड़े करता है। पीड़ित बैजनाथ ठाकुर ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व 3 मई 2023 को भी उनके भतीजों ने अपर समाहर्ता गढ़वा को गुमराह कर उनका नाम रजिस्टर-2 से हटवाने की मांग की थी। इस पूरी साजिश के पीछे कृष्ण कुमार ठाकुर के पुत्र राधेगोविन्द ठाकुर का हाथ बताया जा रहा है, जो उस समय जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, गढ़वा के पद पर कार्यरत थे। आरोप है कि उन्होंने अपने प्रभाव और पहुंच का दुरुपयोग कर अधिकारियों के समक्ष अधूरे व जाली दस्तावेज प्रस्तुत किये और जांच को प्रभावित किया। सुनवाई के दौरान जब विपक्षियों से कागजात मांगे गये, तो उन्होंने अपनी मां निगन देवी के नाम से कथित तौर पर जाली और अवैध दस्तावेज पेश किये, जिसका लिखित खंडन पीड़ित पहले ही दर्ज करा चुका है। पीड़ित का कहना है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-2027 तक उक्त जमीन की संयुक्त नाम से रसीद कटी हुई है। इसके बावजूद उन्हें पैतृक संपत्ति से बेदखल करने के लिये नया षड्यंत्र रचा जा रहा है। पीड़ित ने मेराल सीओ से सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये इस फर्जी नामंतरण मुकदमे को तुरंत खारिज करने की अपील की है।

## आपन सरस्वतीया अभियान को लेकर एसडीएम ने मेराल में की बैठक

# कल से मेराल में नदी स्वच्छता को लेकर जनअभियान

बंशीधर न्यूज

**मेराल** : सदर एसडीएम संजय कुमार की पहल पर संचालित ह्लआपन सरस्वतीयाह्व अभियान का विस्तार अब मेराल प्रखंड तक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मेराल प्रखंड सभागार में स्थानीय बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेराल



क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली सरस्वतीया नदी की सफाई, डी-सिल्टिंग एवं अतिक्रमण मुक्ति के लिये आगामी रविवार से व्यापक जनअभियान चलाने का निर्णय लिया गया। ह्लआपन सरस्वतीयाह्व नाम से चलने वाले इस अभियान के तहत लगभग तीन किलोमीटर लंबे नदी क्षेत्र की सामूहिक सहयोग से सफाई की जायेगी। एसडीएम के प्रस्ताव पर बैठक में निर्णय लिया गया कि मेराल में आपन सरस्वतीया अभियान का नेतृत्व मेराल के सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक करेंगे। वहीं स्थानीय स्तर पर गठित समिति में मेराल पश्चिमी एवं मेराल पूर्वी के मुखिया सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया है। एसडीएम संजय कुमार ने लोगों के उत्साह एवं जनसहभागिता की भावना की सराहना करते हुये कहा कि जहां सामाजिक अभियान जनसहयोग से चलाये जाते हैं वहां सफलता अवश्य मिलती है तथा उसका सकारात्मक प्रभाव भी धीरे-धीरे व्यापक रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि सरस्वतीया नदी केवल जलधारा नहीं बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, संजय भगत, दशरथ प्रसाद, अतहर अली, पारस विश्वकर्मा, मदन यादव, नाथून राम, वाजुद्दीन अंसारी, रोहित कुमार, जफीर अंसारी, धनंजय चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रमना के राजस्व उप निरीक्षक दिवाकर सिंह निलंबित

**रमना** : भूमि नामांतरण कार्य में अनियमितता एवं सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप में अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक दिवाकर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा के निर्देश पर की गई है। विदित हो कि प्रमुख करुणा सोनी ने भूमि नामांतरण के नाम पर जरूरतमंदों से अवैध राशि



लेने का मामला उठाया था। मामले के संज्ञान में आने के बाद डीसी ने रमना सीओ से जांच प्रतिवेदन मांगा था। जांच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाये गये। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित कर्मी के विरुद्ध झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के तहत कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय भंडरिया अंचल कार्यालय निर्धारित किया गया है। साथ ही विभागीय कार्रवाई शुरू करने का भी निर्देश दिया गया है। डीसी ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में अनियमितता एवं कर्तव्य में लापरवाही को कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## न्यूज अपडेट

### वज्रपात से एक चरवाहे की मौत



**मेराल :** थाना क्षेत्र के बानाजाघ गांव में शुक्रवार की सुबह तेज आंधी पानी के बीच हुई वज्रपात में एक चरवाहे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बांनाजाघ गांव निवासी गजाधर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र उदय सिंह की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जा रहा है कि उदय सिंह परिवार के कमाऊ सदस्य था और खेती-बाड़ी के साथ पशुपालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों के अनुसार उदय सिंह शुक्रवार की सुबह रोज की तरह अपने घर के पास स्थित जंगल क्षेत्र में भैंस चराने के लिये गया हुआ था, इसी बीच खराब मौसम होने के बाद उदय सिंह खुद को बचने के लिये पास में स्थित एक बहेरा के पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गया इसी बीच यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मेराल थाना के एएसआई राजेंद्र कुमार बैठा पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# पांच साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा लूटकांड का आरोपी

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** गढ़वा पुलिस को पांच साल पुराने चर्चित लूटकांड मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने केतार थाना कांड संख्या 11/21 में फरार चल रहे आरोपी अमरजीत कुमार चौधरी को बिहार के रोहतास जिले से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि वर्ष 2021 के लूटकांड का नामजद आरोपी अमरजीत कुमार चौधरी अपने गांव बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत मटिआंव पहुंचा हुआ है। सूचना मिलते ही श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुये बिहार के रोहतास जिले में छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरजीत कुमार चौधरी (26 वर्ष) पिता अशोक चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और घटना से जुड़े कई अहम खुलासे किये हैं।

### जानिये क्या था पूरा मामला

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2021 को केतार थाना क्षेत्र के खेखरा गांव के पास दो बाईक पर सवार चार अपराधियों ने हथियार के बल पर एक फाईनेंस कर्मी को निशाना बनाया था। अपराधियों ने उससे बाईक और मोबाईल फोन लूट लिया था। लूट की घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी और केतार थाना में मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाईल लोकेशन और अनुसंधान के दौरान मिले अन्य सबूतों के आधार पर अमरजीत कुमार चौधरी की संलिप्तता सामने आई थी। काफी समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली। पुलिस की इस कार्रवाई को इलाके में बड़ी सफलता मानी जा रही है। छापेमारी में एसडीपीओ के साथ पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, पुअनि चंदन ठाकुर समेत पुलिस के जवान शामिल थे।



# त्वरित निष्पादन का निर्देश

### डीसी ने सुनीं जिलेभर के फरियादियों की समस्याएं

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनसुनवाई का आयोजन कर जिलेभर से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुआवजा, रोजगार, अतिक्रमण और बकाया मजदूरी भुगतान समेत कई मामलों को लेकर लोग पहुंचे। डीसी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुये संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। जनसुनवाई में मझिआंव प्रखंड के दवनकारा निवासी ननकेश्वर पासवान ने पिछले चार माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पेंशन बंद होने से आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और जीवनयापन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन शीघ्र चालू कराने की मांग की। वहीं कांडी प्रखंड के सेमौरा निवासी सिताबी यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकोनी पंचायत की शीला देवी को पहले से पक्का मकान होने के बावजूद योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान गढ़वा जिले में नवपदस्थापित गणित एवं विज्ञान के सहायक आचार्यों ने भी डीसी को आवेदन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि उनका जीपीएफ खाता अब तक नहीं खुला है, सत्यापन प्रक्रिया लंबित है तथा पिछले नौ माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों में शिक्षकों का भुगतान हो चुका है, जबकि गढ़वा में भुगतान लंबित रहने से आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। सदर प्रखंड के तिलदाग निवासी मुकुंद कुमार पाल ने जिला यक्ष्मा केंद्र कार्यालय में जीप चालक के पद पर पुनः कार्य करने की अनुमति देने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे 14 वर्षों तक अनुबंध पर चालक के रूप में कार्यरत थे, लेकिन बिना कारण हटाये जाने से आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ शिकायतों के निष्पादन का निर्देश देते हुये कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाय।



## पूर्व एसडीओ को शॉल व स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित

गढ़वा : रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने रंका के पूर्व एसडीओ रुद्र प्रताप के स्थानांतरण पर उनके आवास पहुंचकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उन्होंने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान डॉ असजद अंसारी ने कहा कि रुद्र प्रताप ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और लगन के साथ किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यों को रंका क्षेत्र की जनता लंबे समय तक याद रखेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी का व्यवहार सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों के प्रति काफी सहयोगात्मक रहा। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यों में भी उन्होंने हमेशा सकारात्मक सहयोग दिया, जिसके कारण कई योजनाओं का सफल संचालन संभव हो सका। वहीं पूर्व एसडीओ रुद्र प्रताप ने भी रंका क्षेत्र में मिले सहयोग और स्नेह के लिये सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां कार्य करने के दौरान उन्हें सभी का भरपूर सहयोग मिला और रंका की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। विदाई के दौरान मौजूद लोगों ने भी रुद्र प्रताप के कार्यकाल की सराहना करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### छतरपुर को अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत : अरविंद



**छतरपुर :** छतरपुर नपं अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को छतरपुर के नवनियुक्त एसडीएम से शिष्टाचार मुलाकात कर नगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान नगर अध्यक्ष ने अंगवस्त्र देकर एसडीएम का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि गणेश महतो पूर्व में पलामू में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और एक ऊर्जावान एवं अनुभवी अधिकारी हैं। उनके अनुभव और प्रशासनिक कार्यशैली का लाभ निश्चित रूप से छतरपुर अनुमंडल को मिलेगा। मुलाकात के दौरान नगर क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम और यातायात अव्यवस्था की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण आम लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष पहल करने की मांग की। अरविंद कुमार गुप्ता ने सुझाव दिया कि अनुमंडल स्तर पर एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाए, जो समय-समय पर विकास कार्यों का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास योजनाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण आवश्यक है। इस पर एसडीएम गणेश महतो ने नगर अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जल्द ही संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सुचारु यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण नियंत्रण प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।नगर अध्यक्ष ने सुझावों पर सकारात्मक पहल करने के लिए एसडीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से छतरपुर को एक व्यवस्थित, स्वच्छ और सुगम नगर बनाया जा सकता है।

### डीसीएलआर ने दिया योगदान




**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर के नव पदस्थापित भूमि सुधार उप समाहर्ता राकेश कुमार गोप ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभार एसडीओ प्रभाकर मिर्धा से लिया। उस मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा मौजूद थे।

## आजादी के बाद पहली बार हिसरा गांव में जली बिजली

# ग्रामीणों ने सांसद वीडी राम के प्रति जताया आभार

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती हिसरा गांव में आजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वर्षों तक अंधेरे में जीवन बिताने वाले गांव के लोगों ने बिजली आपूर्ति शुरू होने पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई, दैनिक कार्य और गांव का सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित होता था। शाम होते ही



पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता था, जिससे बच्चों को पढ़ाई और लोगों को जरूरी कामकाज में काफी परेशानी होती थी। गांव की इस समस्या को ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष रखा था, जिसके बाद उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सांसद के प्रयासों का ही परिणाम है कि अब हिसरा गांव बिजली की रोशनी से जगमगा उठा है। गांव में पहली बार बल्ब जलते देख ग्रामीणों की खुशी देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय का गांव में स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया तथा सांसद के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से अब बच्चों को बेहतर माहौल में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा और गांव के विकास को भी नई गति मिलेगी। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम का लक्ष्य विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। मौके पर उप मुखिया ललन यादव, महेश परहिया, सोनी देवी, प्रदीप, महेंद्र परहिया, बिफन कोरवा, लखन परहिया, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, चमरू कोरवा, शकुंती देवी, राजमती कुंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## टेम्पो बांकी नदी में पलटा, चालक समेत तीन गंभीर-रेफर



**उंटारी रोड :** बी मोड़-उंटारी रोड मुख्य पथ पर फेकनडीह गांव के समीप शुक्रवार को एक तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर बांकी नदी में जा पलटा। हादसे में चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिये विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुये सभी को बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमआरएमसीएच) रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही उंटारी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। थाना प्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि टेम्पो में चालक सहित तीन लोग सवार थे। वाहन की छत पर आलमीरा समेत अन्य सामान भी लदा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेम्पो काफी तेज गति में थी, जिसके कारण मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे नदी में जा गिरा। हादसे में चालक अरविंद सिंह समेत तीनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। थाना प्रभारी ने बताया कि टेम्पो मेदिनीनगर से बुक में हैदरनगर की ओर जा रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### नालसा स्कीम के तहत जागृति योजना शिविर

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की ओर से शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत ओबरा पंचायत भवन में नालसा स्कीम के तहत जागृति योजना-2025 जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए के निर्देश पर आयोजित हुआ। शिविर में सचिव निभा रंजना लकड़ा ने उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि कानूनी अधिकारों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक जागरूकता के अभाव में न्याय से वंचित रहे हैं, उन्हें कानूनी सहायता प्रदान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिये प्रखंड, थाना एवं पंचायत स्तर पर नियुक्त पीएलवी से संपर्क करने की अपील की। एलएडीसीएस सदस्य सुधीर तिवारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये कहा कि महिलाओं और बुजुर्गों को भरण-पोषण प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उन्होंने छोटे-छोटे पारिवारिक विवादों को अदालत ले जाने के बजाय सुलह-समझौते से हल करने पर बल दिया। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करते हुये कहा कि इसमें शामिल पंडित, नाई, अभिभावक, टेंट और समियाना संचालक सभी दंड के भागीदार हो सकते हैं।

## अंचल कार्यालय में गायब मिले कर्मियों पर गिरी गाज

# सेविका-सहायिका को कार्यमुक्त करने का आदेश

**बंशीधर न्यूज**

**रमना :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने शुक्रवार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सरकारी कार्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई कर्मी अनुपस्थित मिले, जिस पर डीसी ने कड़ा रुख अपनाते हुये संबंधित कर्मियों का एक दिन का वेतन एवं मानदेय अगले आदेश तक रोकने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सीओ को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी और कर्मचारी सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से



कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने से सरकारी योजनाओं का निष्पादन प्रभावित होता है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। उन्होंने जिले के सभी सरकारी कर्मियों को समयपालन को प्राथमिकता देने और योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इसके बाद डीसी ने रमना प्रखंड अंतर्गत टोला जोड़वनिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केंद्र बंद मिला। मौके पर पहुंची सहायिका ने बताया कि केंद्र की चाबी सेविका रंजू देवी अपने साथ लेकर जाती हैं। ग्रामीणों और बच्चों के अभिभावकों ने शिकायत की कि केंद्र नियमित रूप से संचालित नहीं होता तथा बच्चों की पढ़ाई भी नहीं कराई जाती। डीसी ने इसके बाद मड़वनिया टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। यह केंद्र भी बंद मिला और वहां कोई बच्चा मौजूद नहीं था। जांच में पता चला कि केंद्र का संचालन सेविका अपने घर से कर रही थी। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य अधूरा मिला तथा बच्चों की उपस्थिति पंजी भी संधारित नहीं थी। केंद्र की सेविका रीता देवी के 18 मई के बाद से केंद्र नहीं आने की जानकारी मिली। जबकि सहायिका कुमारी सबिता भी अनुपस्थित पाई गईं। दोनों केंद्रों में गंभीर अनियमितता और लापरवाही पाये जाने पर डीसी ने डीडीसी प्रेमलता मुर्मू को संबंधित सेविकाओं और सहायिका को कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि बच्चों के पोषण, शिक्षा और विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# एक करोड़ से अधिक कीमत की अवैध शराब बरामद

**बंशीधर न्यूज**

**लातेहार :** लातेहार पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया है। जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने भूसे की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही एक करोड़ से अधिक कीमत की अवैध शराब बरामद की। कार्रवाई में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह का सरगना अब भी फरार है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से एक ट्रक में भारी मात्रा में शराब लातेहार होकर बिहार ले जाई जा रही है। ट्रक के साथ दो छोटी गाड़ियां भी



सुरक्षा के लिए चल रही थीं। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर चंदवा थाना क्षेत्र के सासंग मोड़ पर वाहन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एक संदिग्ध ट्रक और उसके पीछे चल रही दो गाड़ियों को रोका गया। ट्रक में ऊपर से भूसे की बोरियां लदी थीं। पुलिस को शक होने पर जब बोरियां हटाई गईं तो अंदर शराब की पेटियां देखकर जवान भी दंग रह गए। वहीं एस्कॉर्ट कर रही दोनों गाड़ियों से भी शराब बरामद हुई। डीएसपी ने बताया कि तीनों वाहनों से कुल 1054 पेटियां बरामद हुई हैं, जिनमें 50 हजार से अधिक शराब की बोतलें थीं। पुलिस ने इस दौरान पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में चंदवा निवासी सूरज कुमार और गौतम कुमार, हेरहंज निवासी छोटू कुमार यादव, हजारीबाग निवासी रामकुमार पांडेय और गिरिडीह निवासी प्रकाश कुमार रवानी शामिल हैं। डीएसपी ने बताया कि पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि शराब हरियाणा से लाई जा रही थी और बिहार में खपाने की तैयारी थी। डीएसपी ने बताया कि गिरोह का सरगना रंजीत यादव फिलहाल फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## एक नजर

### सहायक अध्यापक की गला रेतकर हत्या

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के पाटन सीमा से सटे नगदारा गांव में एक सहायक अध्यापक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के चिल्हो खुर्द निवासी 45 वर्षीय उदय सिंह के रूप में हुई है। वह गांव के स्कूल में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत थे तथा ग्रामीण डॉक्टर के रूप में भी लोगों का इलाज करते थे। उनके घर के समीप घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस अनुसंधान में वारदात में परिचित के शामिल होने की आशंका जताई गई है। शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार सुबह मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। स्थानीय लोगों से जानकारी के अनुसार उदय सिंह को किसी परिचित ने फोन कर घर से बुलाया था। बताया जाता है कि बुलाने वाले व्यक्ति के साथ उन्होंने घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बैठकर खाने-पीने की पार्टी भी की थी। इसी दौरान उनकी हत्या की साजिश रची गई। बदमाशों ने धारदार हथियार से उनका गला रेतकर हत्या कर दी। रात में काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नगदारा में पाटन जाने वाले मार्ग पर उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी मिली। आसपास तलाश करने पर उनका शव खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस रात में ही दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को आशंका है कि हत्या में किसी परिचित व्यक्ति का हाथ हो सकता है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल सहित अन्य बिंदुओं की जांच की जा रही है। मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना स्थल छतरपुर मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर है।

### दो अनाथ बच्चों को मिलेगी 4000 रुपये मासिक सहायता



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की पहल पर भवनाथपुर प्रखंड के बुका गांव निवासी दो अनाथ बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मनोज प्रसाद एवं सचिव निभा रंजना लकड़ा के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत बुका गांव निवासी सरिता देवी के पति आनंद कुमार रावत की वर्ष 2023 में अचानक बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। इसके बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया। सरिता देवी अपने दो पुत्रों नीतीश कुमार (11 वर्ष) एवं आकाश कुमार (8 वर्ष) का पालन-पोषण किसी तरह कर रही थीं। दोनों बच्चे क्रमशः कक्षा तीन और कक्षा एक में अध्ययनरत हैं। जागरूकता अभियान के दौरान पीएलवी अरविंद कुमार तिवारी ने सरिता देवी को अनाथ बच्चों के लिये संचालित स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी। इसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को चार हजार रुपये मासिक सहायता दिलाने हेतु डीएलएसए गढ़वा में प्रस्तुत किया गया। सचिव निभा रंजना लकड़ा के निर्देश पर आवेदन को आगे की कार्रवाई के लिये बाल कल्याण समिति गढ़वा भेजा गया। वहां पीएलवी मुरली श्याम तिवारी एवं अरविंद कुमार तिवारी ने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ बच्चों को उपस्थित कराया, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके और उनकी शिक्षा एवं भरण-पोषण सुचारु रूप से जारी रह सके। मौके पर बच्चों के परिजन सहित डीएलएसए से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## घर में घुसी डॉक्टर की कार, बाहर सो रहे ग्रामीण की मौत

# आश्वासन देकर बीडीओ ने सड़क जाम हटवाया

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिक्की कला गांव में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 52 वर्षीय विनोद सिंह की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसी, जिसकी चपेट में घर के बाहर सो रहे विनोद सिंह आ गए। हादसे में पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी



गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना जोरदार था कि मकान का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घायल चिकित्सक को इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घटना मेदिनीनगर-पाटन मुख्य सड़क पर बैरिया चौक से लगभग 10 किलोमीटर दूर सिक्की कला गांव के पास हुई। गर्मी के कारण विनोद सिंह अपने घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार अनियंत्रित होकर सीधे घर में जा घुसी। मृतक के परिजनों ने बताया कि विनोद सिंह टेंपो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के विरोध में ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पाटन बीडीओ सह सीओ अमित कुमार झा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने नियमानुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। बीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।